**Himachal Pradesh Board of School Education Dharamshala – 176215**

No:Hi. Shi. Bo.(37)–CBSE Sub–CD-ST/ 2026– 6341 Date: 11-2-2026

# प्रेस नोट

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर तैयार एवं अधिसूचित नीति के अनुसार, निदेशालय विद्यालय शिक्षा, हिमाचल प्रदेश को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) से संबद्ध हिमाचल प्रदेश के राजकीय विद्यालयों तथा उनके CBSE उप-संवर्ग (Sub-Cadre) में कार्यरत/तैनाती हेतु सेवारत शिक्षकों की पात्रता, उपयुक्तता एवं प्रतिनियुक्ति निर्धारित करने का सक्षम अधिकार होगा।

तदनुसार, निदेशालय विद्यालय शिक्षा, हिमाचल प्रदेश की ओर से हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBoSE) द्वारा Screening Test for Deputation to CBSE Sub Cadre -2026 का आयोजन 5,623 पदों (CBSE से संबद्ध 134 विद्यालयों हेतु) के लिए किया जाएगा। यह परीक्षा निदेशालय विद्यालय शिक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार के अधीन कार्यरत सेवारत शिक्षकों में से उन शिक्षकों के लिए होगी, जो लागू भर्ती एवं पदोन्नति (R&P) नियमों के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत निर्धारित आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएँ एवं पात्रता शर्तें पूर्ण करते हों। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBoSE) की भूमिका केवल स्क्रीनिंग टेस्ट के आयोजन, पद-वार मेरिट सूची तैयार करने एवं परिणाम घोषित करने तक सीमित रहेगी, जबकि पात्रता निर्धारण, प्रतिनियुक्ति, पदस्थापन तथा सेवा संबंधी समस्त विषय निदेशालय विद्यालय शिक्षा, हिमाचल प्रदेश के अधिकार क्षेत्र में निहित रहेंगे।

इस भर्ती/परीक्षा के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं , पदों का विवरण निम्नुसार हैः

| Post Code | Name of the Post | Number of Post | Post Code | Name of the Post | Number of Post |
|---|---|---|---|---|---|
| 260301 | Principal | 134 | 260316 | Lecturer IP | 134 |
| 260302 | Lecturer Biology | 150 | 260317 | Lecturer Physical Education | 134 |
| 260303 | Lecturer Chemistry | 161 | 260318 | Lecturer Psychology | 134 |
| 260304 | Lecturer Physics | 161 | 260319 | DPE | 140 |
| 260305 | Lecturer Maths | 160 | 260320 | TGT (Arts) | 480 |
| 260306 | Lecturer Commerce | 288 | 260321 | TGT (Medical) | 244 |
| 260307 | Lecturer Economics | 167 | 260322 | TGT (Non-Medical) | 244 |
| 260308 | Lecturer English | 384 | 260323 | Shashtri | 221 |
| 260309 | Lecturer Political Science | 182 | 260324 | Language Teacher | 239 |
| 260310 | Lecturer History | 182 | 260325 | Drwaing Master | 179 |
| 260311 | Lecturer Hindi | 182 | 260326 | Physical Education Teacher | 147 |
| 260312 | Lecturer Geography | 134 | 260327 | JBT | 640 |
| 260313 | Lecturer Sociology | 134 | | | |
| 260314 | Lecturer Sanskrit | 134 | | | |
| 260315 | Lecturer Music | 134 | | Grand Total | 5623 |

इस संबंध में, स्क्रीनिंग टेस्ट से संबंधित समस्त विस्तृत निर्देशों, पात्रता मानदंडों, नियमों एवं शर्तों आदि को सम्मिलित करते हुए प्रॉस्पेक्टस-कम-सूचना विवरणिका (Prospectus-cum-Information Brochure) को लोकहित में इस अधिसूचना के साथ जारी किया जाता है। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु लिंक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट **www.hpbose.org** पर प्रकाशित कर दिया गया है। केवल वही अभ्यर्थी, जो उक्त प्रॉस्पेक्टस-कम-सूचना विवरणिका में निर्धारित पात्रता शर्तों को पूर्ण करते हों, निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित,

Continue on next page

Continued from previous page

निर्धारित अवधि के भीतर Screening Test for Deputation to CBSE Sub Cadre -2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के पात्र होंगे।

The schedule is as follows: -

| Schedule for Screening Test for Deputation to CBSE Sub Cadre -2026 | |
|---|---|
| Online Application Form starts w.e.f | $11^{th}$ February, 2026 |
| Last date of submission of online application. | $24^{h}$ February, 2026 |
| Online application Form with LATE FEE. | $25^{h}$ February, 2026 to $27^{h}$ February, 2026, |
| Online application Form for Correction. | $28^{h}$ February, 2026 to 1st March, 2026 |
| Date of the Test | $22^{nd}$ March, 2026 (Sunday) |

| Details of the fee prescribed for the above Screening test: - | |
|---|---|
| Fee | ₹ 500/- (Rupees Five hundred Only) |
| Late Fee (to be added with fee) | ₹ 600/- (Rupees Six Hundred) |

यह स्पष्ट किया जाता है कि ऑनलाइन माध्यम के अतिरिक्त किसी भी अन्य माध्यम से प्रस्तुत किए गए आवेदन, अपूर्ण आवेदन, अथवा निर्धारित शुल्क के भुगतान के बिना प्रस्तुत किए गए आवेदन को बिना किसी पूर्व सूचना के तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने मात्र से अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने, चयन अथवा प्रतिनियुक्ति का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अभ्यर्थियों की सहभागिता/चयन/प्रतिनियुक्ति उक्त स्क्रीनिंग टेस्ट में पदवार तैयार की गई मेरिट सूची, पात्रता की जाँच, दस्तावेज़ों के सत्यापन, पदों की उपलब्धता तथा सक्षम/नियुक्ति प्राधिकारी की स्वीकृति के अधीन होगी।

अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क का भुगतान केवल ऑनलाइन आवेदन प्रणाली में उपलब्ध पेमेंट गेटवे लिंक के माध्यम से डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग द्वारा ही किया जाएगा। किसी अन्य माध्यम से शुल्क स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा निर्धारित शुल्क के सफल भुगतान के बिना प्रस्तुत किए गए आवेदन अमान्य माने जाएंगे और स्वतः निरस्त कर दिए जाएंगे।

बोर्ड कार्यालय द्वारा अभ्यर्थियों को एक बार उनके द्वारा प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में त्रुटियों के संशोधन का अवसर प्रदान किया जाएगा। ऐसे संशोधन केवल अधिसूचित करेक्शन अवधि एवं निर्धारित तिथियों के दौरान ही स्वीकार्य होंगे। उक्त अवधि से पूर्व अथवा पश्चात किसी भी प्रकार के संशोधन अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र में भरी गई समस्त सूचनाओं की शुद्धता सुनिश्चित करने की पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी।

किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी केवल कार्यालयीन कार्य समय के दौरान बोर्ड हेल्पलाइन दूरभाष संख्या 01892-242192 पर संपर्क कर सकते हैं।

Deputy Secretary (Departmental Exam)
for Secretary